प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.11.2025/प्रादेशिक समाचार/0920 बजे

" मुख्य समाचार"

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर रचा इतिहास–राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री सहित अन्य नेताओं ने दी बधाई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में उभरते विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–लोकनिर्माण विभाग ने 50 वर्षों के नियमों, मापदण्डों का बनाया संग्रह।

शिमला शहर में निजी बस चालक व परिचालक आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर।

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ–आगामी दो दिनों के दौरान कई स्थानों पर बारिश व बर्फबारी की संभावना।

महिला विश्व कप

देश की बेटियों ने क्रिकेट में इतिहास रचा है। कल रात नवी मुंबई में आईसीसी महिला विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हरा कर पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 2 सौ 98 रन बनाये। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 2 सौ 46 रन पर सिमट गयी। शेफाली वर्मा ने शानदार 87 बनाये और 2 विकेट भी लिये। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि महिला क्रिकेट को और भी ऊंचाई पर ले जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत का प्रदर्शन अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरपूर था। उन्होंने कहा कि पूरी टीम ने असाधारण टीम वर्क का परिचय दिया। इस बीच, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिहं सुक्खू ने भी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इस जीत पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि ये जीत इस ऐतिहासिक पल को और खास बनाती है, क्योंकि टीम में हिमाचल की बेटी रेणुका ठाकुर की मौजूदगी भी रही। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दी है।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में उभरते विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करेंगे। वे सम्मेलन को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी देश में

अनुसंधान और विकास तंत्र को बढावा देने के लिए एक लाख करोड़ रूपये की अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना निधि का शुभारंभ करेंगे। इस योजना का उद्देश्य देश में निजी क्षेत्र से संचालित अनुसंधान और विकास तंत्र को मजबूती देना है। तीन दिन के इस सम्मेलन में नोबल पुरस्कार विजेता, प्रमुख वैज्ञानिक, नवाचारी और नीति निर्माताओं सहित शिक्षा जगत, अनुसंधान संस्थान, उद्योग और सरकार के तीन हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग ने पिछले 50 वर्षों के सभी अधिनियमों, नियमों, अधोसंरचना, दिशा–निर्देशों और मापदंडों का एक संग्रह तैयार किया है ताकि इन्हें आम जनता के लिए आसानी से उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह दस्तावेज सरकार और ठेकेदारों व कार्यकारी एजेंसियों सहित अन्य हितधारकों के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और सुगमता बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री ने शासन में पारदर्शिता, दक्षता और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के साथ–साथ व्यापक व उपयोगकर्ता के अनुकूल कदम उठाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

मुकेश अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश की समृद्ध संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व है ताकि भावी पीढ़ी को अपनी प्राचीन संस्कृति का बोध हो सके। उन्होंने कल अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और रेणुका आरती में भी भाग लिया। उपमुख्यमंत्री ने रेणुका मेले में आरती की शुरूआत पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

अग्निहोत्री ने कहा कि रेणुका विधानसभा क्षेत्र लगातार विकास की दृष्टि से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नोहराधार में बस स्टैंड निर्माण के लिए एक करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है जिसके लिए औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही है।

हड़ताल

शिमला शहर में निजी बस चालक व परिचालक आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसके चलते शहर में 100 से ज्यादा निजी बसों के पहिए थम गए हैं। सुबह से निजी बसों का संचालन न होने से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि हड़ताल को देखते हुए हिमाचल पथ परिवहन निगम ने शहर में अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है।

जीएसटी

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। इसी कड़ी में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से पर्यटन क्षेत्र में नागरिकों को पहुंच रहे फायदों पर पेश है एक रिपोर्ट–

*नए जीएसटी सुधारों ने कर के बोझ को कम करके नागरिकों के लिए यात्रा, आवास और सांस्कृतिक अनुभवों को अधिक किफायती बनाकर पर्यटन क्षेत्र को राहत प्रदान की है। सात हजार पांच सौ रुपये प्रति रात्रि से कम किराए वाले होटल में ठहरने पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे आवास अधिक सुलभ हो गया है। जीएसटी की यह काम दरे मध्यम वर्ग और बजट यात्रियों के लिए होटल सस्ते बना देंगी और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए भारत का आकर्षण बढ़ाएंगी। इसने होटलों और होमस्टे में निवेश को भी प्रोत्साहित किया है। जिससे रोजगार सृजन हुआ है और बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। इस बीच 10 से अधिक व्यक्तियों की बैठने की क्षमता वाली बसों पर जीएसटी दर 28ः से घटकर 18ः कर दी गई है, जिससे सार्वजनिक परिवहन की लागत कम हुई है। यह कटौती भारत के पर्यटन क्षेत्र और सांस्कृतिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार की एक पहल है। वही जीएसटी दर में यह कटौती यात्रा को अधिक किफायती बनाएगी साथ ही स्थानीय कारीगरों को समर्थन देगी और आतिथ्य क्षेत्र को बढ़ावा देगी। प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से विनोद कुमार।*

मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में आज धूप खिलने से मौसम सुहावना बना हुआ है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों बिलासपुर और सुंदरनगर में कोहरा छाया है, जिससे दृश्यता पर असर पड़ा है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में आज मौसम के साफ बने रहने की संभावना है। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से आगामी दो दिन राज्य में बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है। विभाग ने कल 4 नवंबर को उना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, मंडी और कांगड़ा जिलो में गरज के साथ वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 5 नवंबर को कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला व सोलन में येलो अलर्ट रहेगा। इस दौरान जनजातीय जिलों लाहौल–स्पीति और किन्नौर सहित उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने का भी अनुमान है। जनजातीय क्षेत्रों में बीते कुछ दिनों से तापमान के शून्य के नीचे चले जाने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। खासतौर पर लाहौल–स्पीति जिला के कुकुमसेरी, ताबो और केलंग में न्यूनतम तापमान माइनस व शून्य के आसपास दर्ज किया जा रहा है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है मेडिकल कॉलेजों में स्थापित होंगी 35 डिजिटल रेडियोग्राफी ईकाइयां। दिव्य हिमाचल के शब्द है हिमाचल में एक हज़ार 7 सौ 31 करोड़ से सुधरेगी अस्पतालों की सेहत। दैनिक जागरण का शीर्षक है एक क्लिक पर उपलब्ध होंगे पी.डब्ल्यूडी के नियम व दिशा–निर्देश। आपका फैसला लिखता है चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी सरकार–15 नवम्बर को शिमला के रिज मैदान पर आयोजित की जाएगी राज्य स्तरीय एंटी चिट्टा रैली।

मौसम पर अमर उजाला व पंजाब केसरी की लगभग एक जैसी सुर्खी है– हिमाचल में फिर बिगड़ेगा मौसम– 4 व 5 को बारिश व बर्फबारी का यलो अलर्ट।

<u>''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर रचा इतिहास–राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री सहित अन्य नेताओं ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में उभरते विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–लोकनिर्माण विभाग ने 50 वर्षों के नियमों, मापदण्डों का बनाया संग्रह

शिमला शहर में निजी बस चालक व परिचालक आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ–आगामी दो दिनों के दौरान कई स्थानों पर बारिश व बर्फबारी की संभावना